हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024


तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 स्कूली बच्चों के लिए वेट मशीन स्वास्थ्य किट और दरी प्रदाय





12 भारत सरकार द्वारा बनाया गया नया कानून दंड...







प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


# सड़क व पुल का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी

## कच्चा मार्ग होने के कारण मातरबाहरा के लोगों को बारिश में आती है दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

विकासखंड मुख्यालय छुरा से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी में बसा ग्राम पंचायत केवटीझर के आश्रित ग्राम मातरबाहरा के पारा सरगीपार के ग्रामवासी आज भी पक्की सड़क और पुलिया के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं, फिर भी संघर्ष अधूरा है। जिले के अंतर्गत आने वाले गांव मातरबाहरा (सरगीपारा) आज भी आजादी के इतने साल बाद भी सड़क, पुलिया के मोहताज है। यहां के लोगों को बारिश के दिनों में भारी परेशानियों का समान करना पड़ता है। ज्ञात हो कि मातरबाहरा और सरगी पार के बीच केंद्रा नाला पड़ता है जो बारिश के दिनों में बाढ़ आने से लोगों का आवाजाही बंद हो जाता है। यहां तक सरगीपारा में प्राथमिक शाला है और मातरबाहरा में माध्यमिक स्कूल है जो कि सरगीपार के बच्चे मिडिल स्कूल नाला पार करके दो किलोमीटर मातरबाहरा आते हैं। बारिश के समय नाला में ज्यादा पानी होने से बच्चे स्कूल आने वंचित होना पड़ता है। मालूम हो कि यहां के किसान खाद बीज लेने के लिए कच्ची सड़क से 5 किलोमीटर कनसिघी जाते हैं। ग्रामीण संतराम नेताम जनपद सदस्य, हितेश्वर ठाकुर, भंवर सिंह नागेश, निजा राम, प्रेमसिंह, जगनसिंह नेताम, मेहतर राम ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, दुर्जन सिंह नागेश, ओंकार नागेश आदि ने बताया कि बरसात के दिनों में नाला में पानी के तेज बहाव होने से लोगों को घर में ही रहना पड़ता है। अति आवश्यक दैनिक खाद्यान्न सामग्रियां के लिए भी ग्रामीणों को भटकना पड़ता है।



### पानी भरने पर रास्ता बंद

वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जहां प्रसव पीड़ा से व्याकुल माताओं को बड़ी मुश्किलों से नाला पार कराते हुए अस्पताल ले जाना मजबुरी है। इस नाला में पुलिया नहीं होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को घंटों खड़े होकर पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है। इस नाला को पार करते हुए ग्रामीणों द्वारा जन-धन की हानि होते हुए भी देखी गई हैं। इस नाला में पुलिया निर्माण के लिए मुख्यमंत्री जनदर्शन, सांसद, विधायक, कलेक्टर, संबंधित विभाग के अधिकारी को पूर्व में आवेदन दिया गया है।

## विडंबना : खिलाड़ियों को समय पर नहीं मिल रहा मार्गदर्शन, डाइट और सामग्री उपलब्ध कराने की जरूरत


# खेल विभाग के पास नहीं है फंड, वनांचल के बच्चे कैसे प्रतिभागी बनेंगे राष्ट्रीय स्तर का

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पास खेल संगठनों के लिए बजट नहीं है तो वनांचल के बच्चे कैसे राष्ट्रीय प्रतियोगिता तक पहुंचेंगे और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे, जिले के पांच ब्लाकों में अलग-अलग ब्लॉकों में अलग-अलग प्रकार के खेलों में लोगों ने राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है लेकिन जिला बनने के पश्चात खेलों को प्रोत्साहन होने का सपना देखने वालों लोगों के हाथों हतोत्साहित होना पड़ रहा है क्योंकि जिला बनने के पश्चात भी अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेलों के बढ़ावा के करने की दिशा में कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ी दोनों में काफी निराशा है क्योंकि क्षेत्र वनांचल है इसलिए यहां के बच्चे फिजिकली रूप से काफी स्ट्रांग होने की वजह से इस प्रकार के खेलों में पदक दिला सकते हैं लेकिन समय-समय पर सही मार्गदर्शन, डाइट और सामग्री उपलब्ध कराने की जरूरत है लेकिल विभाग द्वारा खाली फंड नहीं का रोना रोकर जिला प्रशासन भी अपना हाथ खड़ा कर लेता है जबकि चाहे तो जिला प्रशासन अपने जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ियों के रोजगार सहित अन्य विषयों पर जिला स्तर पर प्रयास किया जा सकता है लेकिल अब तक सभी खिलाड़ियों को अब तक पूछा तक नहीं गया है, स्कूलों के माध्यम से जो खेल संचालित होता है उसके अलावा भी प्रदेश खेल संगठनों से एथलेटिक संघ, कबड्डी संघ, वेट लिफ्टिंग संघ, कराटे, वॉलीबॉल संघ अलग-अलग ब्लॉकों में बच्चे अपने-अपने प्रतिभाएं दिखा रहे हैं लेकिल आज तक इन्हें जिला प्रशासन ने बुलाकर प्रोत्साहित करना तक भी उचित नहीं समझा है, जिले में काफी लंबे समय से वॉलीबॉल के खिलाड़ी है और राष्ट्रीय स्तर पर अपने-अपने स्तर पर प्रतिनिधित्व किए हैं साथ ही साथ लगातार वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

### बच्चों को समय-समय पर प्रोत्साहन की जरूरत

इसी तरह राज्य में एथलीट की प्रतियोगिताओं एवं राज्य स्तर पर अर्जित की जाती है छुरा में वेटलिफ्टिंग के राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुके हैं और यहां के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीते हैं साथ ही साथ अन्य संगठन कराटे में भी लोग अपने दम दिखा रहे हैं, लेकिन इन बच्चों को समय-समय पर प्रोत्साहन की आवश्यकता है साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर जो प्रतियोगिता जीते हैं उन्हें रोजगार के भी अवसर उपलब्ध कराएंगे तभी खेलों में जिले का नाम रोशन हो पाएगा। वेटलिफ्टिंग में नगर के कुमकुम ने स्कूल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर रजत प्रतियोगिता प्राप्त किया था जो छत्तीसगढ़ में पहला पदक था लेकिन उसके बावजूद भी आज तक उनके प्रोत्साहन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की गई है।



**फंड का अभाव है-** राज्य शासन से फंड की मांग की गई है, फंड आते ही सभी संगठनों को प्रदान किया जाएगा। अभी फंड का अभाव है।
**-नवीन भगत**, प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग

### खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत

इसी तरह जो खेल राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है एवं ओलंपिक संघ पर मान्यता है ऐसे खेलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, और ऐसे खेलों में जो बच्चे खेल रहे हैं उन्हें स्थानीय स्तर पर खेल सामग्री, डाइट एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए तो निश्चित रूप से क्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर और अच्छा प्रदर्शन करेंगे। तत्कालीन सरकार द्वारा स्थानीय खेल को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपया खर्च किया गया लेकिन इन खेलों को ओलंपिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता नहीं थी उनकी राशि आज भी जिला स्तर पर और ब्लॉक स्तर पर है। लेकिन राज्य शासन द्वारा वापस विभाग को मंगाया जा रहा है जबकि उक्त राशि को यहां कार्यरत संगठनों को प्रदान करें जो अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता खेलों को बढ़ावा दिया जा सकता है उक्त राशि को वापस करने के पश्चात नए सिरे से फिर बजट के राह देखना पड़ेगा।

## मनरेगा से श्रमिकों को मिल रही आर्थिक मजबूती

**गरियाबंद।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिला में श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे है। वहीं उनके जीवन स्तर में बदलाव भी आ रहा है। जिले में कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार श्रमिक मूलक कार्यो की स्वीकृति प्रदाय की गई है। जिससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30 जून 2024 तक ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यो से श्रमिकों द्वारा 32 लाख 92 हजार 128 मानव दिवस सृजन किया गया। जिला अन्तर्गत जनपद पंचायत देवभोग में 07 लाख 84 हजार 975, मैनपुर में 07 लाख 80 हजार 623, छुरा में 06 लाख 78 हजार 593, फिंगेश्वर में 05 लाख 98 हजार 400 एवं गरियाबंद में 04 लाख 49 हजार 537 एवं मानव दिवस का सृजन किया गया। जिसमें तीन महिने में 803 परिवारों को 100 दिवस रोजगार मुहैया कराया गया है। आगामी समय में 100 दिवस रोजगार जॉब कार्डधारी परिवारो को प्रदाय करने हेतु प्राथमिकता तय की गई है। योजना में श्रमिकों की निर्भरता बढती जा रही है। मनरेगा में श्रमिक काम करते हुए नजर आ रहे हैं। जिससे हर जॉबकार्डधारी परिवार को समय पर मजदूरी भुगतान होने से आर्थिक व्यवस्था मजबूती मिली है एवं उस राशि का उपयोग कृषि कार्य में कर रहें है।

## खबर संक्षेप



### क्रीड़ा भारती प्रांत योजना की बैठक

**राजिम।** क्रीड़ा भारती की प्रान्त योजना बैठक में खेल मंत्री टंकराम वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये खिलाड़ियों के हित में कार्य किया जा रहा है। 80% प्रतिशत गरीब बच्चे खेलते है उसको आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहन किया जाएगा। इन गरीब बच्चो के अनुरूप योजना बनाई गई है ताकि इन्हें ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। जिला क्रीड़ा भारती संयोजक व एथलेटिक्स संघ के जिला अध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कीड़ा भारती के संयोजक भीष्म सिंह राजपूत, मध्य प्रांत क्षेत्र संयोजक अनंत डीके, संजय शर्मा प्रदेश अध्यक्ष कीड़ा भारती, प्रदेश मंत्री सुमित उपाध्याय, पूरन यादव, रमेश पटेल सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारी, जिला संयोजक उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक में कीड़ा भारती जिला सम्मेलन, कीड़ा भारती का प्रांतीय सम्मेलन, कीड़ा भारती कार्यकर्ता सम्मेलन, कीड़ा ज्ञान परीक्षा, राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन, वीर जीजा माता सम्मान समारोह, सूर्य नमस्कार व योग कार्यक्रम आयोजन के लिए विस्तार से समीक्षा की गई व कार्यक्रम आयोजन का निर्णय लिया गया।

### बाइक फिसली गिरने से मौत

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोंडपाली निवासी वेदप्रकाश साहू की बाइक फिसलने से गिरकर मौत हो गई। वह बागबाहरा जाने के लिए निकला था तभी खुसरूपाली मोड़ मंदिर के पास फिसलकर गिर गया। उपचार के लिए उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

# राजस्व अमला ने शासकीय जमीन से हटाया कब्जा





हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्राम बोरसी के शासकीय भूमि मे अतिक्रमणकारी के कब्जे से पेंडिंग पड़े प्रकरण पर राजस्व अमला ने सक्रियता दिखाते हुए बेदखली की कार्यवाही की। राजिम एसडीएम के साथ राजस्व अमला ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। सोमवार को ग्राम बोरसी के ग्रामीण बड़ी संख्या में शासकीय जमनी में अतिक्रमण के बेदखली के मामले को लेकर राजिम एसडीएम कार्यालय का घेराव करने जाने वाले थे।लेकिन स्थानीय प्रशासन ने ग्रामीणो को मौका ही नहीं दिया बल्कि राजस्व अमला ग्राम पहुंचकर अतिक्रमण कारी के कब्जे से जेसीबी लगाकर शासकीय जमीन से बेदखली की कार्यवाही कर दी। इस प्रकार देर आये दुरूस्त आये की कहावत पर राजस्व अमला ने अपने कर्तब्यों का निर्वहन किया जिससे ग्राम मे हर्ष एवं संतोष व्याप्त है। बेदखली की कार्यवाही लगभग दोपहर 1 बजे प्रारंभ की गई और पूरा कब्जा हटा लिया गया। इस कार्यवाही को जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, सरपंच प्रतिनिधि हुकुम सिन्हा, जगन्नाथ साहू सहित बड़ी संख्या मे ग्राम के ग्रामीण स्थल पर उपस्थित रहे। वहीं पर कार्यवाही को लेकर राजिम एसडीएम अर्पिता पाठक, राजिम तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, फिंगेश्वर के नायब तहसीलदार खोमन ध्रुव, राजस्व निरीक्षक बीएल साहू, पटवारी श्री सिन्हा, कोटवार देवसिंग रात्रे के अलावा फिंगेश्वर थाना प्रभारी फैजल होदा शाह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित था।

- ग्राम बोरसी मे पेंडिंग प्रकरणों पर दी गई चेतावनी

# एसडीएम ने किया आंबा केंद्रों का निरीक्षण, फर्श एवं दरवाजे मिले खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम के द्वारा इन दिनों लगातार शासकीय निर्माण कार्यों का निरिक्षण कर रहे हैं। वहीं स्कूल, आश्रम व छात्रावास में सोमवार को सुबह औचक आंगनबाड़ियों के निरीक्षण में पहुंचने से हडकंप मचा हुआ है। एसडीएम के लगातार निरीक्षण से क्षेत्र के शासकीय कार्यों में कसावट देखने को मिल रहा है। सोमवार को मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम गोपालपुर स्थित आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया जहां फर्श और दरवाजे खराब मिले। जिसे तत्काल सुधार करने का निर्देश ग्राम पंचायत के सचिव को दिया। इस दौरान 9:30 बजे तक आंगबनाड़ी कार्याकर्ता फागा कश्यप अनुपस्थित मिले, जिस पर एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है, इसके पश्चात ग्राम पंचायत साल्हेभाठ आंगनबाड़ी के निरीक्षण में पहुंचे आंगनबाड़ी के आसपास कीचड और गदंगी पर नराजगी जताते हुए तत्काल साफ- सफाई करने का निर्देश दिया गया है एवं ग्राम पंचायत द्वारा मुरम डालने कहा है। ग्राम कोदोभाठ आंगनबाड़ी के निरीक्षण में पहुंचे एसडीएम ने आंगनबाड़ी भवन के समीप अतिक्रमण पर नराजगी जताते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है साथ ही एसडीएम ने कहा कि यह आंगनबाड़ी हमारे आपके बच्चों के लिए है। इसलिए आंगनबाड़ी के आसपास साफ-सफाई के साथ आंगनबाड़ी के बच्चों का देख रेख करें उन्हे पोषण आहार समय पर मिले और गांव के वरिष्ठजन भी आंगनबाड़ी का निरीक्षण करें।



## कलेक्टर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को किया सम्मानित

# सामाज को स्वस्थ रखने में चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने चिकित्सकां को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना रूके। बिना थके निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करें। लोग चिकित्सकों को भगवान के समान मानते है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो स्वास्थ्य समस्या के चलते चिकित्सक के पास न पहुंचा हो। सामाज को स्वस्थ रखने में चिकित्सकों का अहम योगदान है। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव सहित चिकित्सक उपस्थित थे। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व कोरोना महमारी के दौरान मरीजों का उपचार चिकित्सकां ने दिन-रात अपनी जान की परवाह किये बगैर किया। इस दौरान चिकित्सक स्वयं कोरोना की चपेट पर आये और मरीजों की जान बचाएं। कोरोना जैसे गंभीर महमारी से बाहर निकालने की बड़ी जिम्मेदारी चिकित्सकों पर थी। कोरोना सहित अन्य महमारी को हराने में चिकित्सक सबसे बड़े योद्धा के रूप में लड़े। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही आपका असली धन है। और लोग स्वस्थ रहे इसे चिकित्सक उपचार कर सुनिश्चित करते है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा चिकित्सकीय पेशा बहुत चुनौतीपूर्ण है। हर आपदा या मुश्किल समय में रात-दिन चिकित्सक पूरी निष्ठा व ईमानदारी से लोगों का कल्याण करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने चिकित्सकीय क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले डॉक्टर मुकेश कुमार हेला, डॉक्टर गार्गी यदु पाल, डॉक्टर हरीश कुमार चौहान, डॉक्टर टीसी पात्रे, डॉक्टर अंकुश वर्मा, डॉक्टर जीएस ध्रुव, डॉक्टर एमएस ठाकुर, डॉक्टर चेतन नाग,डॉक्टर नेहा शर्मा, डॉक्टर कीर्तन साहू, डॉक्टर अमन होमने, डॉक्टर डीपी सिंह एवं फिजियो थैरेपिस्ट डॉक्टर मदन परते को सम्मानित किया गया।





पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

**खबर संक्षेप**



### शहीद स्मारक में खिले अनेक फूल

**महासमुंद**। शहीद स्मारक में गर्मी के मौसम में अनेक फूल पौधे लगाए गए थे। वे अब खिलने लगे हैं। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि यहां फूलों पौधे लगाए गए है। जोर सुन्दर खिलने लगे हैं। यहां फूल पौधे में गर्मी मौसम पर रोज दिन में चार बार पानी देना पड़ता था। बरसात के मौसम में दो बार पानी देना पड़ता है। फूल, पौधे की देखभाल किया जा रहा है।

### भाजपाई कल सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**महासमुंद**। पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा द्वारा देवीचंद राठी, पवन साहू, मोहन साहू एवं अन्य साथियों के साथ 3 जुलाई बुधवार को सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच एसडीएम कार्यालय परिसर महासमुंद में जनता की समस्याओं को लेकर आम लोगों से भेंट करेंगे। उन समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार से मिलेंगे एवं लोगों की समस्याओं के हल के लिए चर्चा कर समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। डॉ चोपड़ा ने आम लोगों से आह्वान किया है कि बुधवार सुबह 11 बजे से 12 बजे के मध्य उनसे एसडीएम कार्यालय परिसर में मिलकर अपनी राजस्व विभाग एवं अन्य सरकारी विभाग से संबंधित समस्याएं बता सकते हैं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।



### अस्पताल में चिकित्सकों का किया गया सम्मान

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के जिला अस्पताल में राष्ट्रीय डाक्टर दिवस मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर 0 जुलाई को अपराजिता वी क्लब महासमुंद के अध्यक्ष वी ममता जैसवाल एवं सचिव वी कामिनी चंद्राकर द्वारा जिला हास्पिटल मेडिकल कॉलेज महासमुंद के अधीक्षक संयुक्त संचालक डॉ बसंत महेश्वरी, डॉ कुलवंत सिंह आजमानी एवं डॉ घनश्याम साहू का सम्मान किया गया।

---

**कार्यक्रम:** नए कानून से अवगत हुए जनप्रतिनिधि व नागरिक

# सिंघोड़ा थाना में नए कानूनों की दी गई विस्तृत जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सिंघोडा थाना ने भारत सरकार द्वारा लागू नए कानूनों की जानकारी विभिन्न जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों तक पहुंच सके व इनकी जानकारी सभी को हो सके, इसके लिए थाना परिसर में ही पहली बार 150 से भी अधिक विभिन्न जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजनों ने पहुंचकर नए कानूनों की जानकारी ली। सभी आगन्तुक जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

टीआई महेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना परिसर सिंघोड़ा में भारतीय न्याय सहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता लागू होने के संबंध में स्थापना दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला एवं बच्चों के सुरक्षा के संबंध में नया क़ानून का प्रावधान, नए कानून के संबंध में जानकारी, नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए बनाए गए क़ानून के संबंध में विस्तृत जानकारी थाना प्रभारी महेश साहू, उप निरीक्षक कमलेश पाल, सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण साहू व सनातन बेहरा द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि गण, पत्रकारगण, सरपंच एवं कोटवार, आम नागरिक सहित 100 से अधिक की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों ने टीआई महेश साहू द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर कानूनों की जानकारी व समझाईश दिए जाने के पहल की सराहना की।

---

# स्कूली बच्चों के लिए वेट मशीन स्वास्थ्य किट और दरी प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर में डॉ मनीष भारद्वाज आरएमए द्वारा नेशनल डॉक्टर दिवस के मौके परं बच्चों के लिए वेट मशीन, स्वास्थ्य किट, दरी प्रदाय कर बच्चों को स्वस्थ रहने की सलाह दिए। डॉ मनीष भारद्वाज को स्कूल समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक आरके दास, प्राचार्य भगवती जगत, नंदनी प्रधान, गीतांजलि तिवारी, तन्नू निशा, हसीना बेगम, उषा बीसी बासमती जगत, हेमा साव, दीपिका साव एवं पाठकगण उपस्थित रहे। डॉ बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में पूरे देश भर में 1 जुलाई को डॉक्टर्स-डे मनाया जाता है। नेशनल डॉक्टर्स डे 2024 का महत्व-राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का महत्व जीवन बचाने, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और जरूरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करवाने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करने और उनके योगदान को स्वीकार करने में निहित है। नेशनल डॉक्टर्स डे 2024 की थीम-हर साल नेशनल डॉक्टर्स डे मनाने के लिए एक नई थीम रखी जाती है। बात अगर इस साल की थीम की करें तो नेशनल डॉक्टर्स डे 2024 की इस थीम 'हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स' है।

जिसका मतलब है कि 'हम मेडिकल प्रोफेशनल्स के प्रयासों और उनके सभी योगदानों को पहचानते हैं'। नेशनल डॉक्टर्स डे की इस साल की थीम डॉक्टरों द्वारा अपने चिकित्सा अभ्यास में लाए जाने वाले समर्पण, करुणा और सहानुभूति पर जोर देती है।

### एथलेटिक्स खेल में छात्र गजेंद्र का चयन

**महासमुंद**। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुन्द के कक्षा 12वीं गणित का छात्र गजेंद्र ठाकुर पिता कमलेश्वर ठाकुर का चयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में आयोजित स्टेट स्पोर्ट्स अकादमी/ खेलो इंडिया स्टेट सेंटर आफ एम्सेलेंस बहतराई बिलासपुर द्वारा एथलेटिक्स खेल में चयन हुआ है। अब यह छात्र संबंधित संस्था में निशुल्क आवासीय शिक्षा प्राप्त करेगा। इस बाबत विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य एवं उप प्राचार्य चमनलाल चंद्राकर ने प्रसन्नता जताई है। छात्र के चयन का श्रेय संस्था के खेल शिक्षक अंजनि साहू को जाता है। उनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है।

---



### मुनगासेर स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद**। शासकीय हाईस्कूल मुनगासेर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत वन सभापति हेमंत डड़सेना थे। स्कूल के बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर पुस्तक वितरण कर प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य पुरुषोत्तम ठाकुर, प्राचार्य हंसराम दीवान, संकुल समन्वयक देवानंद पटेल, बलदेव साहू, सोहन लाल चंद्राकर, संजय गिरी गोस्वामी, पूनम त्रिपाठी, पूर्णिमा साहू, रेखा ध्रुव, तीजमत साहू, लीलामृत ठाकुर, दीपक अजय आदि मौजूद रहे।

## हाईस्कूल उमरदा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल उमरदा में शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयसुधा चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत उमरदा, विशेष अतिथि राजू यादव विधायक प्रतिनिधि, अध्यक्षता पूनम कुमार चंद्राकर प्रभारी प्राचार्य द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना की गई। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पाठ्य-पुस्तक प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चंद्राकर, व्याख्याता गण धर्मराज चंद्राकर, शोभा गुप्ता, चंद्रकला साहू और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दिनेश चंद्राकर द्वारा किया गया।

## सीएचसी सराईपाली में लगा मेंटल हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के तहत मेंटल हेल्थ कैंप सीएचसी सराईपाली में आयोजित किया गया। इसमें 38 पेटेंट को डाइग्नोसिस किया गया। सभी को रेगुलर मेडिसीन लेने, सुसाइड वार्निंग साइन, आपसी समन्वय स्थापित करने, तनाव प्रबंधन के लिए योगा, ध्यान, नियमित व्यायाम करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली बीएमओ डॉ विजय आनंद कोसरिया, डॉ वर्षा सतपती ब्लॉक नोडल, बीपीएम सीतल सिंह, टीआर घृतलहरे बीई, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय से रामगोपाल खूंटे का सहयोग रहा।

---

# पुस्तक वितरण एवं मुंह मीठा कर मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच देव कुमार टंडन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र के पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान कक्षा दसवीं के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य ने संस्था के विभिन्न गतिविधियों एवं प्रवेश लक्ष्य की जानकारी देते हुए नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। साथ ही प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पालकों तथा बच्चों से शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने के लिए सहयोग करने का अनुरोध किया।

समिति सदस्य नामदेव साहू एवं सुंदर साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी बच्चे नियमित विद्यालय आए एवं अपने आसपास के सभी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाकर, विद्यालय अनुशासन का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाएं। संस्था के व्याख्याता प्रीति चंद्राकर ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय अनुशासन की जानकारी देते हुए नियमित विद्यालय एवं समय पर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि देव कुमार टंडन ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों का स्वागत करते हुए मन लगाकर विद्या अध्ययन करने एवं नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया एवं चॉकलेट तथा बूंदी वितरण कर बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। संचालन संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने किया।

कार्यक्रम में समिति सदस्य सुंदर साहू, नामदेव साहू, भीखम साहू, प्रेमनाथ ध्रुव, तोष कुमार साहू एवं स्टाफ सदस्य प्रीति चंद्राकर, विनीता अंजलि दीवान, भुनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, अमित देवांगन, नवीन आदि मौजूद रहे।



**महासमुंद**। प्रधानमंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए अभियान में एक पेड़ मां के नाम का जिक्र किया था। तुमगांव में गिरजा दास के साथ वार्ड की रिंकी, प्रियंका दास, गौरी दास ने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है।

---

## बेलसोंडा के स्टेशन पारा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव, बांटे टी शर्ट



**महासमुंद**। शासकीय प्राथमिक शाला स्टेशन पारा बेलसोंडा में सभी नवप्रवेशी बच्चों को ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने तिलक लगाकर, पुस्तक वितरण एवम मुँह मीठा कर शाला प्रवेश कराया। शाला प्रवेशोसत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोषी कंशराम निषाद द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इसी तारतम्य में नवप्रवेशी बच्चों को हाउस ड्रेस के लिए टी शर्ट वरिष्ठ नागरिक केशव राम चंद्राकर की ओर से प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती चंद्राकर के साथ पंचगण त्रिवेणी चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, विद्या जमूलकर, प्रकाश साहू तथा शाला की प्रधानाध्यापिका ममता चंद्राकर, शिक्षिका जयश्री साहू, योगिता सिन्हा, शिक्षक अनिल कुमार चंद्राकर, संकुल समन्वयक सुरेश पटेल, रसोइया बिमला चंद्राकर, ममता निषाद, सफाई कर्मी नीता देवदास, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोषी निषाद, सदस्य प्रभात धीवर पालकगण ललिता निषाद, पूजा पारधी, तनु ध्रुव उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री के मन की बात प्रथम संस्करण को भाजपाइयों ने सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विधानसभा के शक्ति केंद्र बानीगिरोला में भारत वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी।

मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित किया जाता है, मन की बात कार्यक्रम का 111 वें एपिसोड को शक्ति केंद्र बानीगिरोला के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुनी गई। और भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरण की संरक्षण व सुरक्षा को दृष्टिगत व ध्यान में रखते हुए। देश हित में एक पेड़ मां के नाम से पूरे भारत वर्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अभियान चलाकर पौधरोपण किया जा रहा। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए पौधारोपण करना जरूरी एवं आवश्यक है। धरती को बचाने के लिए पौधारोपण करना तथा पर्यावरण के साथ-साथ अपने खुशहाली के लिए पौधारोपण लगाना नितांत जरुरी है। इसी को मद्देनजर रखते हुए। भाजपा मंडल सरायपाली मंडल महामंत्री व पौधारोपण कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कुमार सागर ने मंडल के सभी ग्रामों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनंतराम पटेल, कार्यक्रम प्रभारी एवं मंडल महामंत्री सरायपाली प्रमोद कुमार सागर, सरपंच ग्राम पंचायत बानीगिरोला लक्ष्मीप्रसाद पटेल, गजेंद्र ठाकुर, अजित पटेल, दिलीप पटेल, सुदर्शन साहू सहित भाजपा के कार्यकर्तागण एवं बानीगिरोला के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरण कर मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत बेमचा, विशिष्ट अतिथि देवेंद्र चंद्राकर उपसरपंच, देवेंद्र घाडगे, रविकांत चंद्राकर, भगत राम साहू, अध्यक्षता एसएल पाटकर प्राचार्य रहे। अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर फूलमाला से पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पश्चात अतिथियों का गुलाल से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण नवीन चंद्राकर द्वारा किया गया। उन्होंने गत वर्ष के परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। इसमें 12वीं बोर्ड 90 प्रतिशत, 10वीं बोर्ड 87 प्रतिशत रहा, जो अब तक बहुत अच्छा परीक्षा परिणाम रहा है।

इसी तरह खेल कूद में भी बच्चे राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में स्कूल की ओर से सहभागिता कर प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किये हैं। पूर्व छात्रा लक्ष्मी चंद्राकर का चयन खेल अकादमी चेन्नई में एमबीए के लिए हुआ है, जो 3 वर्ष निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करेगी। इसी तरह नीरज कुमार ध्रुव का चयन खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ है। जिसे कक्षा 12वी तक निःशुल्क अध्यापन एवं खेल प्रशिक्षण प्राप्त होगा कि जानकारी खेल शिक्षक सेवनदास मानिकपुरी ने दी।

अतिथि उद्बोधन में भगत राम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक ने बच्चों को बताया कि भारतीय संस्कृति जानना और मानने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हिंदी भाषा ज्ञान व सामान्य ज्ञान अध्यपन हेतु निःशुल्क सेवा देने स्कूल के प्रति अपनी मंशा बच्चों के बीच रखी। उद्बोधन के साथ कक्षा नवमी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। सभी बच्चों को रोजाना स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थित रहकर अध्यपन करने प्रोत्साहित किया गया। अंत में किरण पटेल व्याख्याता द्वारा भी बच्चों को अंग्रेजी भाषा अध्ययन के लिए प्रेरित किए। सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन प्राचार्य एसएल पाटकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तुलेंद्र सागर स्काउट मास्टर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक स्टाफ से एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, पीएल साहू, तारिणी कहार,महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मानिकपुरी, विनोद वर्मा, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती कोसरे, मनीष साहू कार्यालयीन स्टाफ से शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### अमरकोट विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**सरायपाली**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकोट में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता पटेल, दिनेश पटेल (सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत अमरकोट), तुलसी साहू, रुक्मण पटेल मौजूद रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन किया गया। बाद अतिथि स्वागत हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश वाचन का पठन और संबोधन कार्यक्रम हुआ। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर नारायण भोई प्राचार्य, झसकेतन पटेल, उत्तरा दीवान, हेमंत दीवान, जितेंद्र पटेल, धनीराम साव, किरण पटेल, वीणा पटेल, प्रेम कुमार पटेल, श्रवण बरिहा, चैतराम पटेल, बासुदेव पटेल और ईश्वर लाल राउत उपस्थित रहे।

# स्टेशन के कैंटीन के किचन में लगी आग, बाहरी हिस्सा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे आगजनी के मामले को लेकर बेहद गंभीर है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे जोन से लेकर मंडल तक सभी वर्ग के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि जब भी आगजनी की घटना हो, तत्काल समय रहते उस पर काबू पाया जा सके, लेकिन रेलवे के इस प्रयास से रायपुर मंडल में अभी तक कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है।

बीते चार महीने में रेलवे स्टेशन में 3 बार आग लगने घटना सामने आ चुकी है। इसमें एक को छोड़कर बाकी सभी मामलों में आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की मदद ली गई। शुरुआती आग को काबू पाने के लिए रेलवे से जुड़ा कोई कर्मचारी अग्निशमन यंत्र लेकर नहीं पहुंचा, जबकि टीटीई से लेकर वाणिज्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

रविवार को भी आईआरसीटीसी के कैंटीन किचन में लगी आग लग गई, जिससे किचन के 40 फीसदी बाहरी हिस्सा जलकर खाक हो गया है। जानकारी के मुताबिक, कैंटीन के कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र की मदद से आग बुझाई। किचन में खाना बनाते वक्त आग लगने का कारण बताया जा रहा है। जिस वक्त आग लगी, कैंटीन में यात्री खाना खा रहे थे। आग की लपटें बढ़ते देख यात्री कैंटीन से प्लेटफार्म की ओर भागे। मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी ने मोर्चा संभाला तथा आग पर काबू पाया।

**खास बातें**

- चार माह में तीन बार आगजनी से रेलवे को हजारों का नुकसान, एक बार ही अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल
- गत 5 मई को स्टेशन के वेटिंग हॉल में शार्ट सर्किट से लगी थी आग



### रेलवे ने कहा- कुकिंग स्टाफ की लापरवाही

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर आरआर के किचन रूम में दोपहर लगभग 3.10 बजे आग लगने की घटना हुई। प्रथम दृष्टया आग कुकिंग स्टाफ की लापरवाही के कारण लगी। आग फ्राइंग पैन में तेल से लगी और लापरवाही के कारण चिमनी के एग्जॉस्ट डक्ट के माध्यम से स्टेशन बिल्डिंग के बाहर फैल गई। स्टेशन और आरआर स्टाफ ने अग्निशामक यंत्र का उपयोग करके 20 मिनट में ही आग पर काबू पा लिया। कोई भी मानवीय क्षति नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप



### मोवा के बड़े तालाब किनारे पौधारोपण

**रायपुर।** प्रगति ग्रीन संस्था द्वारा कुल 251 पेड़ लगाए जाने एवं उन्हें संरक्षित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत इस सत्र का प्रथम पौधारोपण मोवा स्थित बड़े तालाब में रविवार को किया गया, जहां कुल 21 नग पौधे लगाए गए। संस्था द्वारा विगत 6 वर्षों से पौधारोपण किया जा रहा है तथा अब तक करीब 5 हजार से ऊपर लगाए गए पौधों ने वृक्षों का रूप ले लिया है। संस्था के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय साहू, संदीप सिंघानिया, सुरेंद्र पटले, पिंटू जंघेल, असीम शर्मा, अनिल पटेल, अभिषेक सक्सेना, दीपेश बघेल, अरविंद वर्मा, प्रकाश राठौर, नीलेश सोनी एवं स्थानीय क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### नए कानून से न्याय की नई उम्मीदें

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून से देश की जनता को नई उम्मीदें हैं। भारतीय न्याय व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने से न्याय व्यवस्था को नई चुनौती का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज से तीन नए आपराधिक कानून देशभर में लागू हो जाएंगे। ब्रिटिश काल में लगभग 160 साल पहले बने कानून आईपीसी भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता और आईईए भारतीय साक्ष्य अधिनियम अब बदलकर बीएनएस भारतीय न्याय संहिता, बीएनएसएस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और बीएसए भारतीय साक्ष्य अधिनियम हो जाएगा। नए कानून में कड़े प्रावधान के साथ कठोर सजा की व्यवस्था की गई है, पहली बार बीएनएस की धारा 111 में संगठित अपराध, धारा 113 में आतंकवाद, धारा 304 में झपटमारी की परिभाषा दी गई है, राजद्रोह को हटाकर देशद्रोह जोड़ा गया।

### सभी नगरीय निकायों में प्री-ऑडिट के निर्देश

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में वित्तीय अनुशासन में कसावट लाने सभी आय एवं व्यय के प्री-ऑडिट के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिछली सरकार द्वारा ऑडिट प्रक्रिया बंद कर दिए जाने के कारण ऑडिट से रह गए विगत चार वर्षों की नस्तियों के पोस्ट ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों के साथ ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के यांत्रिकी प्रकोष्ठ तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण यानी सूडा का भी ऑडिट कराने कहा है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय निकायों में कड़े वित्तीय अनुशासन के लिए प्री-अंकेक्षण-सह-आंतरिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर सभी 184 नगरीय निकायों तथा दो राज्य कार्यालयों, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के यांत्रिकी प्रकोष्ठ और सूडा को भी प्री-अंकेक्षण-सह-आंतरिक अंकेक्षण एवं वैधानिक दायित्व के परिपालन के दायरे में लाते हुए सूडा द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है।



## जैन दादाबाड़ी में 750 दिव्यांगों को मिली खुशी, संस्था के कार्यों को सीएम ने सराहा

# कृत्रिम अंग पहनकर बढ़ी आस, दिव्यांगों ने की परेड, फुटबॉल-बैडमिंटन भी खेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिले से 750 दिव्यांग परिजनों के साथ पहुंचे। इससे जैन दादाबाड़ी में उत्साह का माहौल दिनभर रहा। संस्थान ने निशुल्क शिविर में दिव्यांगों को अपर-लोवर कृत्रिम अंग और कैलिपर्स लगाकर रुकी हुई जिंदगी को फिर से हौसले की उड़ान दी गई। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया। कृत्रिम अंग पहनने के बाद कई दिव्यांगों ने परेड की तो कुछ ने फुटबॉल खेलने का प्रयास किया।

### संस्था के प्रति जताया आभार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संस्था राजस्थान से चलकर प्रदेश के दिव्यांगों का जीवन संवारने की भावना से आई है। इनका मैं अभिनंदन करता हूं। संस्थान को रायपुर में केंद्र संचालन के लिए सरकार की ओर से हर तरह से मदद दी जाएगी।

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से आए दिव्यांगों से मिले और उनसे बात की। इस दौरान सीएम के मीडिया सलाहकार पंकज झा, समाजसेवी मीरा और संजना भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का मानव यज्ञ के लिए आभार प्रकट किया।







### हौसले देख खुश हुए परिजन

संस्था के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, मीडिया प्रभारी भगवान प्रसाद गौड़ ने अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा से स्वागत किया। साथ ही एक मुट्ठी आटे से शुरू हुई संस्था से जुड़ी अब तक की सेवाओं के बारे में अतिथियों को बताया। 17 मार्च को रायपुर में कैंप किया गया था, जिसमें 1200 से ज्यादा पीड़ित आए थे। इनमें से 756 दिव्यांगों को नारायण लिम्ब व कैलिपर्स के लिए चयनित किया गया। आज उन्हें नई जिंदगी मिल रही है। समारोह में कृत्रिम अंग पहनकर दिव्यांगों ने परेड की, फुटबॉल और बैडमिंटन भी खेला। इन दिव्यांगों के हौसले और जज्बे को देखकर परिजन भी खुश नजर आए।

## भावी शिक्षकों से पूछे मानसून और धन व वित्त विधेयक में समानता से संबंधित सवाल



**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो पालियों में बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। शिक्षक भर्ती नियमों में बदलाव के कारण इस बार बीएड से अधिक आवेदन डीएलएड के लिए मिले थे। प्री बीएड के लिए 2 लाख 53 हजार 649 कैंडिडेट ने आवेदन किया था। इनमें से 62.30 प्रतिशत अभ्यर्थी ने परीक्षा दिलाई। इसी तरह से प्री डीएलएड के लिए 3 लाख 5 हजार 629 ने फॉर्म भरा था। इनमें से 64.60 प्रतिशत ने परीक्षा दिलाई। आवेदन संख्या को देखते हुए प्रदेश के 32 जिलों में केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में बीएड के लिए 58 तथा डीएलएड के लिए 51 केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में बीएड के लिए 24 हजार 379 तथा डीएलएड के लिए 22 हजार 132 ने पंजीयन कराया था। राजधानी में बीएड में उपस्थिति प्रतिशत 59.1 तथा डीएलएड में उपस्थिति प्रतिशत 58.1 रहा। खबर लिखे जाने तक किसी तरह का नकल प्रकरण अथवा गड़बड़ी व्यापम के संज्ञान में नहीं आया था।

### यूनेस्को रिपोर्ट से जुड़े प्रश्न भी

पहली पाली में बीएड की परीक्षा हुई। इसमें गणित तथा एप्टिट्यूड के सवाल उलझाने वाले रहे। बीएड परीक्षार्थियों से बाल गंगाधर के जेल जाने के वर्ष, राष्ट्रीय जलमार्ग, धन व वित्त विधेयक में समानता, विभिन्न समाचार पत्र के नाम व उनके संपादक, भारतीय मानसून से जुड़े कथन, आरटीई, करेवा, रचनात्मक आकलन, यूनेस्को रिपोर्ट के अनुसार सीखने के चरण, शिक्षा मनोविज्ञान तथा इससे जुड़े विविध तरह के सवाल पूछे गए।

## भाठागांव में रिंगरोड के दोनों तरफ बने नाले कई जगहों से धंसे, बारिश में बढ़ेगी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाठागांव से मठपुरैना तक रिंगरोड नंबर-1 के दोनों तरफ बना लंबा सीमेंटेड नाला कई जगह से धंस गया है। साथ ही नाला निर्माण की गुणवत्ता की पोल भी खुल गई। बताया जा रहा है कि इन दोनों नालों को बने कुछ साल ही हुए हैं, लेकिन जबसे बने हैं, तब से कई बार नाले कई जगह से धंस चुके हैं। इस कारण इन नालों की बार-बार मरम्मत करानी पड़ती है।

- गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते धंस रहे नाले

सूत्रों के अनुसार भाठागांव बस स्टैंड बनने के बाद रिंगरोड और सर्विस रोड के दोनों तरफ भाठागांव से लेकर मठपुरैना तक बड़े दो नाले बनाए गए हैं। इन नालों का निर्माण बारिश के दिनों में रिंगरोड और सर्विस रोड में भरने वाले पानी की निकासी के लिए किया गया है। इन नालों के बनने के बाद से बारिश का पानी सड़कों से सीधे नालों में चला जाता है, जिससे सड़क में पानी का भराव या जमाव नहीं होता। इन नालों का निर्माण होने से बारिश के पानी के भराव से तो छुटकारा मिल गया, लेकिन नालों के घटिया निर्माण के कारण बारिश के पहले ही ये नाले जगह-जगह से धंस जाते हैं। इसके कारण इन नालों की हर बार मरम्मत करानी पड़ती है। बारिश का सीजन अभी शुरू ही हुआ है और इससे पहले ही दोनों नाले कई जगह से धंस चुके हैं।

### मरम्मत में देर, बारिश में बढ़ेगी दिक्कत

अनेकों जगह से धंस चुके इन दोनों नालों की मरम्मत का काम काफी धीमा चल रहा है। इसके कारण बारिश के दिनों में यहां परेशानी बढ़ सकती है। रिंगरोड पार करने के लिए कई लोग इन खुले नालों के ऊपर से गुजरते हैं। इसके अलावा आवारा जानवर भी नाला पार कर रोड क्रॉस करते हैं, जिसके कारण नालों में गिरकर कोई भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है।

## कामता में बड़े पैमाने में रोपे गए पौधे...

**सिमगा।** नगर के अंतर्गत ग्राम कामता में पर्यावरण बचाओ वृक्ष लगाओ अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत अमृत सरोवर के तालाब पार में सोमवार को तहसीलदार नीलमणी दुबे, जनपद सीईओ अमित दुबे, जिला बलौदाबाजार पटवारी संघ के अध्यक्ष राजीव तिवारी, राजस्व निरीक्षक कुमार गौरव अग्रवाल ग्राम पंचायत सरपंच गंगोत्री सियाराम राकेश एवं समस्त पटवारी तथा कोटवार द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।



## महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का बजट, दाम 80 से 100 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का सीजन शुरू होने के साथ सब्जियों के भाव ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। फूलगोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, बरबट्टी, करेला, भिंडी से लेकर हरा धनिया, अदरक समेत अन्य सब्जियों के भाव आसमान छूने लगे हैं। इस कारण रसोई का बजट तो बिगड़ा ही है, साथ ही थाली में परोसी जाने वाली कई सब्जियां भी गायब हो गई हैं। महंगी होने के कारण आम लोग कई सब्जियां खरीदना ही बंद कर दिए हैं। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पहले भीषण गर्मी के कारण मंडी में सब्जियों की आवक कम हो गई थी और अब बारिश के कारण सब्जियां नहीं आ रही हैं। मंडी इन दिनों बमुश्किल से 20-25 प्रतिशत सब्जियों की आवक है। इसके कारण सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के कारण सब्जियों की पैदावर कम हो गई थी। बारिश शुरू होने के साथ सब्जियों की खेती शुरू हो गई है, लेकिन फसलें आने में अभी एक से डेढ़ महीना लगेगा। तब तक मंडी में सब्जियों की आवक कम रहेगी। इस सीजन में कभी अत्यधिक बारिश के कारण फसलें खराब हो जाती हैं।

## पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सीएम साय ने रायपुर में सुना




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर के शांतिनगर स्थित स्वदेशी भवन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मुख्यमंत्री के सलाहकार पंकज झा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कर नई जानकारियां साझा करते हैं। उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्री ने केरल की अट्टापड़ी गांव की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे मारथुंबी छाते का जिक्र करते हुए कहा, उनके छाते को एक ब्रांड मिल गया है तथा उनके उत्पाद में बढ़ोतरी हो गई है। आज हमारे देश में श्री मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में विशेष अवसर प्रदान हो रहे हैं, जिससे खिलाड़ी देश और विदेश में परचम लहरा रहे हैं।

## जांच में लापरवाही, 14 विवेचकों को आईजी का शो-कॉज नोटिस

**रायपुर।** दोषमुक्त प्रकरणों की रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने रविवार को समीक्षा बैठक बुलाई। दिनभर चली बैठक में धमतरी तथा गरियाबंद जिले के दोषमुक्त प्रकरणों की आईजी ने समीक्षा की। एनडीपीएस, पॉक्सो, यूएपीए, हत्या, आईटी एक्ट के 14 प्रकरणों की जांच में गंभीर लापरवाही बरतने वाले विवेचकों को आईजी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आईजी द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में गरियाबंद डीआईजी अमित तुकाराम कांबले, धमतरी एसपी आंजनेय वार्ष्णेय, डिप्टी डायरेक्टर पूर्णिमा तिवारी, दिनेश गिरी, प्रभारी उप संचालक हिना यास्मीन खान, जिला अभियोजन अधिकारी शीतल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। आईजी के अनुसार किसी भी अपराध की जांच के दौरान कई ऐसे मामले आते हैं, जिसमें पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्य कोर्ट में बेहद अहम होते हैं। ऐसे में अगर विवेचना अधिकारी लापरवाही करता है तो इसका सीधा फायदा कोर्ट से आरोपी को मिलता है। जिस वजह से वह मामले में आसानी से दोषमुक्त हो जाता है। विवेचकों के लिए आईजी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि जांच में विवेचकों द्वारा किसी भी तरह से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- समीक्षा बैठक में आईजी ने धमतरी, गरियाबंद जिले के विवेचकों को जारी किया



## सोरेन के बयान पर बिफरे सीएम साय ने कहा- आदिवासी समाज का अपमान न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उस बयान पर आड़े हाथों लिया है, जिसमें उसने भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टाम्प बताया है। इस बयान पर बिफरे सीएम श्री साय ने पलटवार करते हुए सोरेन परिवार को जनता को लूटकर गाढ़ी कमाई करने वाला परिवार कहा है। श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि देशभर में जिस तरह से भाजपा सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है, ऐसा इससे पहले कभी नहीं था। ऐसे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदिवासी मुख्यमंत्रियों के बारे में अनर्गल प्रलाप निंदनीय है। यह देशभर के आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान है।

- सोरेन परिवार ने जीवनभर अपने कृत्यों से आदिवासी समाज को बदनाम किया

जीवनभर अपने कृत्यों से सोरेन परिवार जिस तरह आदिवासी समाज को बदनाम करता रहा है, वह भी निंदनीय है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भरने वाले सोरेन और उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता सबक सिखाने का मन बना चुकी है। यही कारण है कि अब वे समाज के प्रति ही अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू हो गए हैं। सोरेन परिवार के रिश्वत कांड को भी अभी तक जनता भूली नहीं है।



### अंतिम फैसला बाकी

मुख्यमंत्री ने कहा, श्री सोरेन को यह समझ लेना चाहिए कि महज जमानत मिल जाना अपराध मुक्ति का सर्टिफिकेट नहीं होता है। अंतिम फैसला अभी बाकी है। दरअसल आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और युवाओं के बीच भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से इंडी गठबंधन घबराया हुआ है। इसी कारण ऐसी बयानबाजी हो रही है। समाज को अपमानित करने वाले किसी भी बयान को जनता सहन नहीं करेगी और इसका माकूल जवाब देगी।

**खबर संक्षेप**



## कांग्रेस नेताओं ने किया डॉक्टरों का सम्मान

**मैनपुर।** तहसील मुख्याल मैनपुर नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार डॉक्टर्स डे के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा डॉक्टरों का गुलदस्ता एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि मैनपुर और देवभोग जैसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में डॉक्टर्स बीहड ग्रामों में पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्स सुविधा का लाभ दे रहे हैं जिसके लिए वह सम्मान के हकदार है, इसलिए आज डॉक्टर्स डे के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा डॉक्टरों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन, व्यापारी संघ अध्यक्ष हनीफ मेमन, युवा नेता तनवीर राजपुत, लिकेश यादव, खेलन साहू, उबेद रजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किसानों को दिया गया मृदा स्वास्थ्य परीक्षण का प्रशिक्षण



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम मुड़गेलमाल, बजाड़ी में कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य परीक्षण प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को प्रिशक्षण के माध्यम से बताया गया की हमें अपने खेत की मिट्टी का जांच की आवश्यता है। मिट्टी की जांच पूर्णतः निशुल्क की जाती है मिट्टी जांच से पता चलता है कि कौन-कौन से तत्व हमारे खेत में उपलब्ध है और कौन से आवश्यक तत्व की कमी है जो पौधों के लिए आवश्यक होता है। इस दौरान वरिष्ठ कृषि अधिकारी भावेश साण्डिल्य एवं श्याम सुन्दर द्वारा जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से ठाकुर राम ध्रुव, रिखीराम नागेश, बलभद्र बघेल, जोगेश्वर यादव, उमाशंकर साहू, धनेश्वर यादव, हेमप्रकाश, डमरूधर, तुलसीराम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## रथयात्रा पर्व मनाने को लेकर हुई बैठक



**नवापारा-राजिम।** 7 जुलाई को रथ यात्रा का पर्व काफी धूमधाम से मनाए जाने के लिए श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी व नगर कंसारी समाज द्वारा एक आवश्यक बैठक मंदिर परिसर में रखी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से रथ यात्रा पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि श्री सत्यनारायण मंदिर में भगवान की मूर्ति स्थापना का 75 वर्ष पूर्ण हो गया हैं। विगत कई वर्षों से कंसारी समाज द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की रथयात्रा निकाली जाती है।

## पौधारोपण कर मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**अभनपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़े उरला परिसर में पौधरोपण कर प्रवेशोत्सव मनाया गया। उपस्थित अतिथियो द्वारा नवप्रवेशी बच्चो को तिलक,पुष्पगुच्छ व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। शाला प्रवेश उत्सव मे अतिथियो ने छात्र छात्राओ को पुस्तक, पेन, गणवेश प्रदान करते कहा कि विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का सबसे बहुमूल्य समय है जिसका समय रहते लाभ लेना चाहिए उन्होने बच्चो को नियमित रूप से स्कूल आने का आव्हान किया। इस मौके पर विद्यालय स्टॉफ,अतिथी व बच्चो को न्यौता भोज क राया गया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामदास मिरी,प्रधानपाठक पवन गुरूपंच,पूर्व पार्षद डॉ एसएल चन्द्राकर,सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अजय वर्मा, पार्षद शिवनारायण बघेल, विजयलक्ष्मी, आरती, फुलमनी उपस्थित रहे।

# भारत सरकार द्वारा बनाया गया नया कानून दंड के बजाय न्याय पर है केंद्रित : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

भारत सरकार द्वारा 03 नवीन अपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को 1 जुलाई 2024 से लागू किया गया है। इस नवीन कानून की जानकारी एवं जागरूकता के लिए तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित थाना परिसर में विशाल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में गरियाबंद जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले शामिल हुए साथ ही पूरे विकासखण्ड क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी स्कूली छात्र- छात्राएं वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार, व्यापारी, पंचायत प्रतिनिधि व क्षेत्र के लोग सैकड़ों की संख्या में कार्यशाला में शामिल हुए। इस दौरान गरियाबंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने नए कानून को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नए कानून पूरी तरह से पारदर्शी है, कोई भी घटना कारित होती है तो उक्त स्थान को तत्काल सील कर दिया जाये साथ ही उसकी फोटोग्राफी विडियों ग्राफी भी किया जाए जिससे घटना की समायक जानकारी सुस्पष्ट और सत्यता से परिपुरित हो सके। नये कानून के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार किये गये है, डिजिटल युग में सायबर अपराध डेटा सुरक्षा और तकनीकी धोकाधडी जैसे नए प्रकार के अपराध सामने आ रहे है, इसके रोकथाम के लिए यह कानून महत्वपूर्ण है, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुकाराम कांबले ने कहा कि नये कानून हमारे देश के विधिक प्रणाली को आधुनिक समसामयिक और प्रभावी बनाने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस अधीक्षक ने नये महिला सुरक्षा कानून पर विस्तृत एवं बारिकी से जानकारी देते हुए कहा कि नए कानून में अब धारा 68,69 के तहत पहचान छीपाकर शादी करना या शादी का झुठा वायदा कर यौन कृत्य करने को जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

### 1 जुलाई से लागू भारतीय न्याय सहिता को लेकर मैनपुर में हुई कार्यशाला



### नये कानून की आत्मा न्याय समानता और निष्पक्षता

मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने बताया कि आज से देश में जो नया कानून लागू हुआ है नए कानून का मुख्य लक्ष्य ऐसे आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों की अधिकारों की रक्षा करती है बल्कि कानून व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है जिसके लिए सभी के सुलभ एंव त्वरित न्याय सुनिश्चित हो या सुधार भारत में एक निष्पक्ष आधुनिक एवं न्याय पूर्ण कानूनी ढांचे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैनपुर एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह ने कहा कि नये कानून की आत्मा न्याय समानता और निष्पक्षता है यह कानून व्यक्तिगत अभिव्यक्ति की स्वंतत्रता की गारंटी देता है, यह दंड के बजाय न्याय पर ध्यान केंद्रित है, सबसे के साथ समान व्यवहार मुख्य विषय है। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ अंजली खलखों, बीएमओं डॉ गजेन्द्र ध्रुवर, नवीन महाविद्यालय मैनपुर के प्राचार्य बी.के दास, बीईओ चंद्रशेखर मिश्रा, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेंश कंवर, वरिष्ठ कृषि अधिकारी भावेश शाडिल्य, वन परिक्षेत्र अधिकारी अमरसिंह ठाकुर, राजेन्द्र सोरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, उधोराम, एचएन सिंह, मुकेश ठाकुर, गोंविद पटेल, नीलू पटेल सहित स्थानीय अधिकारी कर्मचारी वरिष्ठ नागरिकगण पत्रकार बडी संख्या में उपस्थित थे।

**योजना :** कलेक्टर व जिपं सीईओ के मार्गदर्शन में मनरेगा का हो रहा सराहनीय क्रियान्वयन

# मनरेगा के तहत 15.28 करोड़ मजदूरी का भुगतान
# गांव-गांव में आंगनबाड़ी, मुक्ति धाम व नाली निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

- मैनपुर ब्लॉक के ग्रामों की तकदीर और तस्वीर संवरती आ रही नजर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्रामों में मनरेगा योजना वरदान साबित हुआ है। मनरेगा योजना के तहत जहां लाखों मजदूरों को रोजगार देकर पलायन की स्थिति को रोकने में कारगार साबित हुआ है। वहीं दूसरी ओर ग्रामों के मूलभूत समस्याओं के समाधान और जरूरतों की पूर्ती के लिए मनरेगा योजना कारगार साबित हो रही है, मैनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्रामों में मनरेगा योजना के तहत जहां एक ओर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर सीधे ग्रामीण हितग्राहियों को बकरी पालन शेड, पशु शेड, आंगनबाडी भवन, उचित मुल्य राशन दुकान, मुक्तिधाम, नाली निर्माण एवं कचरा एकत्र करने के लिए सेड निर्माण बजार सेड निर्माण, बुनियादी सुविधाए भी उपलब्ध कराई जा रही है। मनरेगा योजना अन्तर्गत रोज़गार दिलाने में मैनपुर अव्वल रहा है, महिलाओं को रोज़गार के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को मातृत्व भत्ता भी मिल रहा। मैनपुर जहां ग्रामीण अंचल में रोज़गार के लिए उद्योग और अन्य साधन नहीं के बराबर है ग्रामीण आजीविका और अर्थ व्यवस्था के लिए केवल कृषि और वनोपज पर निर्भर है, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी योजना रोज़गार का मुख्य सहारा बनी हुई है। जनपद पंचायत मैनपुर अन्तर्गत 74 पंचायतों में जॉब कार्ड धारियों को मार्च 2024 से अब तक तीन माह में कुल 07 लाख 79 हज़ार 3 सौ दिन का रोज़गार उपलब्ध कराया गया है। जिसमें 18385 महिलाओं को 3 लाख 89 हज़ार 5 सौ 81 दिन का रोज़गार मिला है। अब तक 306 परिवारों को 100 दिन का काम उपलब्ध कराया चुका है एवं 15 गर्भवती महिलाओं को मातृत्व भत्ता प्रदान किया जा चुका है।






### 5 ग्रामो में मुक्तिधाम का निर्माण

मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेंश कंवर ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुहामेटा, गोपालपुर, खोखमा, अडगडी में मुक्तिधाम का निर्माण किया गया है जो पूर्ण हो चुका है और लंबे समय से यहां के ग्रामीणों द्वारा मुक्तिधाम की मांग किया जा रहा था साथ ही मैनपुर ग्राम पंचायत एवं कई ग्राम पंचायतों में सीसी रोड व पक्की नाली निर्माण करवाया गया है जिससे गांव के गंदा पानी अब बाहर निकल रहा है और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।




### 19 ग्रामों में उचित मूल्य की दुकान

मैनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत अमाड, जुंगाड, दबनई, बुडगेलटप्पा, तुहामेंटा, सरईपानी, चिखली, खरीपथरा, बिरीघाट, कुहीमाल, धनोरा, कोकडी, गोना, उसरीजोर, घुमरापदर, गौरगांव, कोयबा, शोभा, भुतबेडा, तेतलखुंटी, भाठीगढ कुल 19 ग्रामों में शासकीय उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है, जिससे अब राशन सामग्री के साथ ही लोगो को सुविधा मिल रही है।

### 15 करोड़ 82 लाख रूपये मजदूरी का भुगतान

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत जहां एक ओर तालाब, पोखर के साथ मजदूरों को मजदूरी उपलब्ध कराई जा रही है उन्होने बताया कि 15 करोड 82 लाख रूपये की मजदूरी राशि का भुगतान किया गया है, तो वहीं किचन शेड, बकरी पालन शेड, नाली निर्माण, मुक्तिधाम, उचित मुल्य राशन दुकान, सीसी रोड जैसे कार्य भी मनरेगा योजना के तहत किया गया है।

**-रमेंश कंवर,** मनरेगा परियोजना अधिकारी

## अभाविप संयोजक बनने पर राधेश्याम का हुआ स्वागत



**अभनपुर।** अभनपुर के ग्राम खोरपा निवासी राधेश्याम साहू को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का बलौदाबाजार विभाग के विभाग संयोजक बनाये जाने से अभाविप के कार्यकर्ताओ मे हर्ष का माहौल है। धर्म नगरी कवर्धा मे आयोजित प्रदेश अभ्यास वर्ग मे राधेश्याम साहू को यह दायित्व दिया गया। बता दे कि राधेश्याम पूर्व मे अभनपुर नगर मंत्री एवं तीन कार्यकाल तक तिल्दा जिला रायपुर ग्रामीण के जिला संयोजक रहे। इस संबंध मे राधेश्याम साहू ने संगठन का आभार जताते संगठन ने जो विश्वास जताया है उस पर पूरे ऊर्जा के साथ कार्य करने का भरोसा दिया । दायित्व मिलने पर वरूण राठी,भावेश नवरंगे,विशु गुप्ता, कंचन साहू ,लक्ष्य साहू , दुष्यंत पटेल, नीलकंठ साहू, प्रदीप साहु, मेहुल सिन्हा, वासु अग्रवाल,अंजली, दिलेश्वर साहू, परिचय मिश्रा, सर्वेश्वर तिवारी , गीतांशु साहू, तेजेश्वर साहू सहित शुभचिंतको ने बधाई प्रेषित किया है।

# 11 का विद्यारंभ एवं 6 बच्चों का हुआ जन्म दिवस संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम





शिक्षा मनुष्य के लिए जरूरी है और उससे भी ज्यादा जरूरी है संस्कार। इसी को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन ,गायत्री शक्तिपीठ राजिम के मार्गदर्शन में ग्राम कोमा में 15 बच्चो का विद्यारंभ एवं 5 बच्चो का जन्मदिवस संस्कार ,नवाडीह में 2 बच्चो का विद्यारंभ एवं 10 बच्चो का जन्म दिवस संस्कार उसी प्रकार से पथर्रा में 11 बच्चों का विद्यारंभ एवं 6 बच्चो का जन्म दिवस संस्कार संपन्न हुआ। गायत्री शक्तिपीठ राजिम से चंद्रलेखा गुप्ता मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, रामकुमार साहू इकाई प्रमुख,साधुराम निषाद सह प्रमुख, अमृत साहू सक्रिय कार्यकर्ता, हिमांशु साहू ओमीन साहू परिवाजक उपस्थित होकर संस्कार का क्रम पूर्ण कराए। इकाई प्रमुख रामकुमार साहू ने कहा कि इकाई के अंतर्गत 9 गांव आते है सभी गांव में विद्यारंभ संस्कार, जन्म दिन संस्कार, आंगनबाड़ी में पुंसवन संस्कार तथा वृक्षारोपण का पुनीत कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से सरपंच भुनेश्वरी बंजारे प्रधान पाठक विनेश कुमार जोशी, निधि ठाकुर, प्रेमीन साहू, रोशन पाड़े, शिक्षिका तेजस्विनी ध्रुव, लोकेश्वर बज्रपात, तीजे कुमार पनिका, तेजस्वी ध्रुव, राजेश्वरी विश्वकर्मा, रेणु सोनवानी उपस्थित रहे।

# बिनौरी स्कूल में हुआ न्योता भोज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छूईहा बेलर





बिनौरी शासकीय प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक शाला में शासन द्वारा नियत मिड डे मील में बच्चों की रुचि बढ़ाने न्योता भोज का आयोजन सोमवार किया गया। उक्त आयोजन व दानदाता शाला में पदस्थ शिक्षिका उषा देवी साहू एवं प्रधान पाठक केआर नेताम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रखा गया था। इस मौके में शाला के सभी बच्चों को नेवता भोज के तहत खीर, पुड़ी, बड़ा ,भजिया, मटर पनीर मशाला शुद्ध शाकाहारी स्वादिष्ट व्यंजन परोसा गया। कार्यक्रम में सरपंच केजऊ राम निषाद, जनपद सभापति राधेश्याम साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, संकुल प्रचार्य केडी मानिकपुरी, हायर संकुल समन्वय असीम श्याम हरित, धर्मेन्द्र ठाकुर, कमलेश साहू, प्रधान पाठक राम अवतार यादव, प्रहलाद मेश्राम, सिया राम साहू, माखन लाल साहू, लोमश साहू, शैलेन्द्र सागर बाजपेयी, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष शीतल साहू, मोहन साहू सहित ग्राम के पंचगण एवं पालक गण सेकेंडरी भसेरा के समस्त स्कूल स्टाप उपस्थित थे।

**पीएम मोदी के आह्वान पर किया गया पौधारोपण-** बिनौरी स्कूल परिषर में सभापति राधेश्याम साहू, सरपंच केजाउ निषाद, अध्यक्ष सीतल साहू शिक्षक स्टाप स्कूल छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात में कही गई एक पेड़ मां के नाम के आह्वान पर सोमवार को पौधा का रोपण किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा मां के नाम पेड़ से लोग इतने प्रभावित हुए कि एक पेड़ जरूर लगाने का संकल्प लिया गया है।

# पाटसिवनी में मना शाला प्रवेश उत्सव



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** ग्राम पंचायत पाटसिवनी में शासकीय प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल पाटसिवनी में संयुक्त रूप से हाई स्कूल प्रांगण में धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। विद्यालय प्रवेश उत्सव में बच्चों को तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों का स्वागत अभिनंदन किया। सरपंच प्रतिनिधि चम्पेश्वर ध्रुव के द्वारा कविता के माध्यम से बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। तथा प्राचार्य डीके टंडन ने सभी विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय के लिए कहा तथा प्रारंभ से बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चम्पेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि अध्यक्षता डीके टंडन, प्राचार्य हाई स्कूल विशिष्ट अतिथि सुरेश निर्मलकर, दीपक गिलहरे, रूपनारायण मंडले शिक्षाविद हाई स्कूल, देवनारायण साहू, आनंद राजपूत, नेतराम साहू, नंदू राम, लखन लाल, श्रवण कुमार, छन्नू प्रसाद एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्री कमल किशोर ध्रुव प्राथमिक शाला प्रधान पाठक करमू राम भगत, महेश राम अदिल प्रधान पाठक कमारपारा एवं सभी संस्था के शिक्षक गण एवं शिक्षिकाओं की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सहसपुर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

विकासखंड फिंगेश्वर के शासकीय प्राथमिक शाला सहसपुर के प्रांगण में शाला प्रवेश उत्सव हर्शोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नेवता भोज का आयोजन कर बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। नवप्रवेशी बालकों का तिलक लगाकर स्वागत कर उनका मुंह मीठा कराया गया एवं उन्हे पाठ्य पुस्तक गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच खोमिन लोकनाथ साहू ने उपस्थित बच्चों को रोज स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया। इसी प्रकार शिक्षकों ने भी बच्चों को नियमित स्कूल आने एवं पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सहसपुर सरपंच खेमिन लोक नाथ साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला समिति अध्यक्ष महेंद्र कुमार गंधर्व, उपसरपंच जनक सेन, शाला विकास समिति अध्यक्ष मेष राम साहू, ग्रामीण सचिव बद्री नारायण साहू, जनक साहू, तीरथ साहू, पंच दीप्ति विश्वकर्मा, राजेश साहू, संघर्ष गंधर्व, डायमंड साहू, डोमन यादव, प्रधान पाठक डिहू राम साहू, प्रभात यादव, सोमप्रकाश यादव, तीजऊ वर्मा, सिन्हा, तुलसी वर्मा आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### पार्षद ने कराया बच्चों को शाला प्रवेश



**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नं 2 खोलीपारा के सरकारी स्कूल में पार्षद ओमकुमारी-संजय साहू ने बच्चों का तिलक वन्दन कर स्वागत करते हुए शाला प्रवेश उत्सव कराया। इसके साथ ही उन्होने पुस्तक एवं गणवेश वितरण भी किया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को पार्षद ओमकुमारी ने रोज स्कूल आने के लिए कहा। कार्यक्रम में प्रधानपाठक गेंदराम साहू, रेखा साहू, धनेश्वरी ध्रुव, रमेश साहू, कुमारी प्रीति साहू सहित वार्डवासी मौजूद थे।